**आकाशवाणी मध्यप्रदेश**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक : 23.05.2025** **समय : 07.10PM**

**मुख्य समाचार,**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास आवश्यक ।**
- **आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रविवार को करेंगे अपने विचार साझा ।**
- **प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान जारी, गांव गाँव में बन रहे हैं खेत-तालाब और अमृत सरोवर।**
- **प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी, भोपाल समेत कई जिलों में मौसम बदला।**

**राइजिंग नॉर्थ ईस्ट निवेशक सम्मिट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दो दिवसीय राईजिंग नार्थ ईस्ट समिट का उदघाटन नई दिल्ली के भारत मंडपम में किया। इस दौरान श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण के लिए देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र का विकास अत्यंत आवश्यक है। निवेशकों से पूर्वोत्तर क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों का पता लगाने का आग्रह करते हुए उन्होने कहा कि पूर्वोत्तर अब अवसरों की भूमि बन रहा है। इस शिखर सम्मेलन का आयोजन पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है और इस अवसर पर पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बीते दस सालों की उपलब्धियां गिनाई ।

**मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 25 मई रविवार को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी। लोग अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जी ओ वी ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं।

**धनखड़ प्रदेश दौरा**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 26 मई को प्रदेश के दौरे पर आ रहे हैं। उप राष्ट्रपति नरसिंहपुर में होने वाले कृषि उद्योग समागम का शुभारंभ करेंगे। “कृषि उद्योग समागम 2025“ का आयोजन मध्यप्रदेश में कृषि आधारित उद्योगों को

बढ़ावा देने, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश आकर्षित करने, और किसानों को बेहतर बाजार से जोड़ने के लिए किया जा रहा है। यह समागम उद्योगपतियों, कृषक उत्पादक संगठनों एवं नीति निर्माताओं के बीच संवाद, नीति प्रस्तुति एवं सहयोग के अवसर प्रदान करेगा।

**शिवराज पदयात्रा**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान 25 मई से अपने विदिशा संसदीय क्षेत्र में पदयात्रा प्रारंभ कर रहे हैं। यह पदयात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुँचाने और केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुँचाने की दिशा में की जा रही है। यह पदयात्रा निरंतर चलेगी और प्रारंभ में विदिशा संसदीय क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में यात्रा निकलेगी।

**जल गंगा संवर्धन अभियान**

प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान जारी है और गांवों में रहे खेत-तालाब, अमृत सरोवर बनाए जा रहे हैं। विदिशा जिले में 21 अमृत सरोवरों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें से 14 अमृत सरोवरों का काम पूर्ण होने को है । जिले में लक्ष्य से अधिक 1 हजार 819 खेत-तालाबों का निर्माण हो रहा है। बुरहानपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने हेक्साकॉप्टर ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल्स छिड़काव किया। हेक्साकॉप्टर ड्रोन से इमली और सीताफल के बीजों का छिड़काव किया गया। उमरिया जिले के गोरैया ग्राम पंचायत के सहयोग से ग्रामीणों ने श्रमदान कर जोहिला नदी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सागर जिले के समस्त विकासखंडों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कुए, बावड़ी, तालाब एवं खेत तालाब बनाने एवं उनको पुनर्जीवित करने का कार्य किया जा रहा है। नीमच में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत स्वीकृत एवं निर्माणाधीन सभी कार्य मिशन मोड पर प्रारंभ कर पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

**राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा**

प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल के विशेष अभियान राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा में अब बारी है आपकी प्रतिक्रिया सुनने की। आईये सुनते हैं भोपाल की कुसुम कीर और इंदौर की सुमन पारिख के संदेश। आप भी इस कार्यक्रम में अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे वाट्सप नंबर 94065 23035 पर अपने

नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए: 94065 23035।

**तम्बाकू शपथ**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने रीवा से वर्चुअल माध्यम से राज्यभर के स्वास्थ्य अमले को तंबाकू नियंत्रण की शपथ दिलाई। श्री शुक्ल ने अपने संदेश में कहा कि तंबाकू का सेवन मुंह के कैंसर सहित अनेक जानलेवा बीमारियों का मुख्य कारण है। उप मुख्यमंत्री ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे तंबाकू और नशे के अन्य रूपों के दुष्प्रभावों के प्रति समुदाय को जागरूक करें।

**विदेशी मुद्रा भंडार**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 16 मई को समाप्त सप्ताह में चार अरब 88 करोड डॉलर घटकर छह खरब 85 अरब 70 करोड डॉलर पर पहुंच गया। इसके विपरीत, स्वर्ण भंडार पांच अरब दस करोड डॉलर घटकर 81 अरब 21 करोड डॉलर रह गया। इस बीच, विशेष आहरण अधिकार चार करोड तीस लाख डॉलर घटकर 18 अरब 49 करोड डॉलर से अधिक हो गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष में केंद्रीय बैंक की स्थिति भी तीस लाख डॉलर घटकर चार अरब 37 करोड डॉलर पर पहुंच गई।

**मौसम**

प्रदेश में आंधी-बारिश का दौर जारी है। भोपाल समेत कई जिलों में मौसम बदला रहा । तेज हवाओं के साथ बारिश भी हुई । राजधानी भोपाल में भी कल से लेकर आज भी तेज आंधी चली । इंदौर में भी कल रात को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। राजगढ़ और रायसेन में पानी गिरा। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए भी भोपाल-इंदौर समेत 40 से ज्यादा जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। इनमें 16 जिले ऐसे हैं, जहां आंधी की रफ्तार 60 किमी प्रतिघंटा या इससे अधिक भी हो सकती है।

**समाचार संक्षेप**

- भोपाल मंडल के रेल यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने ग्वालियर-भोपाल इंटरसिटी एक्सप्रेस को अब प्रतिदिन चलाने का निर्णय लिया है । यह नई व्यवस्था आगामी 26 मई से लागू होगी।
- नर्मदापुरम जिले की पचमढ़ी में दो दिनों का आम महोत्सव 3 और 4 जून को होगा। आम महोत्सव में शासकीय और निजी क्षेत्र के बागों से निकलने वाले दो दर्जन से ज्यादा किस्मों के आम प्रदर्शित किए जाएंगे।
- शिवपुरी जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज जन अभियान परिषद की टीम द्वारा रामनगर में श्रमदान किया गया। ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रामनगर में तालाब के आसपास साफ सफाई की गई और शपथ ग्रहण करवाई गई।
- संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार को ग्वालियर शहर में 30 परीक्षा केन्द्रों पर होगी। इस परीक्षा में 8 हजार 509 अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे।
- रायसेन जिले के मंडीदीप में एक व्यक्ति के पास से 6 किलो 420 ग्राम गांजा बरामद किया गया जिसका बाजार मूल्य 2 लाख 64 हजार रूपए है
- अशोकनगर जिले की तहसील ईसागढ़ में थाने के सामने अवैध रूप से रखे गए 86 गैस सिलेंडरों पर खाद्य विभाग द्वारा कार्यवाही की गई।
- छिंदवाड़ा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा गौधुलि वृद्धाश्रम में नेत्र व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में 46 बुजुर्गों की आंखों की जांच और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।
- अशोकनगर में आज जिला मुख्यालय पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है जिसके पास से 5 लाख की स्मैक जप्त की गई है
- जबलपुर जिले के रैपुरा गांव में 8 घोड़ों की अचानक मौत हो गई। कलेक्टर के निर्देश पर पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बीमार घोड़ों का उपचार शुरू किया।
- भोपाल के खजूरी सड़क थाना क्षेत्र में एक कार पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य घायल है।

……………………